### एक नजर में

## युवक को मारपीट के बाद चाकू मारा

इंदौर. शहर में चाकूबाजी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं. पुलिस की सख्ती के बावजूद अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं. ताजा मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है, जहां एक युवक पर मामूली विवाद के बाद चाकू से हमला कर दिया. घायल युवक सुजल पथरोड़ की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. सुजल ने पुलिस को बताया कि देवश्री कॉलोनी में रहने वाले केतन पिता दीपक बुंदेला ने उसके साथी आदित्य उर्फ गोलू से बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी. जब गोलू ने विरोध किया तो केतन ने पहले तो मारपीट की और फिर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया. पुलिस ने आरोपी केतन बुंदेला के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घायल युवक का इलाज जारी है. थाना पुलिस का कहना है कि वारदात के कारणों की बारीकी से जांच की जा रही है, और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा.

## पत्नी के मायके जाने पर साले की सास को धमकी

इंदौर. घरेलू विवाद के चलते गुस्साए दामाद ने साली की सास को न सिर्फ गालियां दीं बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली. घटना पटेल नगर गोम्मटगिरि क्षेत्र की है, जहां पीड़िता संगीता गोलकार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार, संगीता ने बताया कि वह कल जब काम से लौटकर घर पहुंची, तो उसकी बहन का पति राहुल निवासी ग्राम ढोगर, हाल मुकाम कांकरिया रोड, हातोद वहां आया और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा. उसने आरोप लगाया कि संगीता ने उसकी पत्नी को कुछ ऐसा सिखा दिया, जिससे वह घर छोड़कर मायके चली गई. जब संगीता ने इस बदसलूकी का विरोध किया तो आरोपी ने जाते-जाते धमकी दी कि अगर उसकी पत्नी कल तक वापस नहीं लौटी, तो वह संगीता को जान से मार देगा. पुलिस ने राहुल के खिलाफ गाली-गलौज, धमकी देने और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. आरोपी की तलाश की जा रही है.

## महिला ने बियर की बोतल से किया हमला

इंदौर. सड़क पर खड़ी महिला को रास्ते से हटने के लिए कहना एक युवक को भारी पड़ गया. आरोपी महिला ने विवाद के दौरान युवक के सिर पर बियर की बोतल मार दी, जिससे वह लहूलुहान हो गया. मामला गांधी नगर थाना क्षेत्र का है. गांधी नगर स्थित गड्ढे वाली मल्टी में रहने वाले मोहन शिंदे ने पुलिस को बताया कि वह कल नया बसेरा स्थित साईं मंदिर के पास से गुजर रहा था, जहां पालबाई नामक महिला रास्ते में खड़ी थी. जब उसने विनम्रता से उसे हटने के लिए कहा, तो महिला गाली-गलौज पर उतर आई. मोहन ने जब इसका विरोध किया तो पालबाई ने कहा तू होता कौन है मुझे हटाने वाला और फिर पास में रखी बियर की खाली बोतल उठाकर युवक के सिर पर दे मारी. कांच की बोतल लगते ही मोहन के सिर से खून बहने लगा. इतना ही नहीं, हमले के बाद महिला ने युवक को जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पालबाई के खिलाफ मारपीट और जान से धमकाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## अभाविप ने मनाया राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस



देपालपुर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बेटमा में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया. बेटमा नगर के सह मंत्री अभिषेक प्रजापत ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेटमा नगर इकाई के द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 1949 से लगातार छात्रहित राष्ट्रीय हित के लिए कार्यरत है विद्यार्थी परिषद अपना स्थापना दिवस 9 जुलाई को मानता है जिसे विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय विद्यार्थी विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाता है. इसके नियमित बेटमा नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया एवं सप्ताह भर ऐसे ही कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है. वृक्षारोपण शासकीय महाविद्यालय बेटमा मैं किया गया जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय प्रभारी सुनीता मालवीय एवं सम वैचारिक संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## पिकनिक स्पॉटों पर धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब!

महू. तहसील महू के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दोनों अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है. पिकनिक स्पॉट के अलावा जगह-जगह दुकानों व पान की गुमटियों पर देसी विदेशी शराब की बिक्री हो रही है।आसपास क्षेत्र की वाइन शॉप से डायरी बनवा कर शराब भिजवाई जा रही है. इसी शराबखोरी के तहत मंगलवार को मानपुर थाना क्षेत्र के हासलपुर में देर शाम को अवैध शराब बेचने वालों की धड़पकड़ की गई. क्षेत्र में लगातार अवैध शराब खोरी के चलतें मानपुर टीआई लोकेन्द्रसिंह हिहोर के निर्देश पर थाने ने कार्यवाही करते हुए हासलपुर मेन गली निवासी दिपेश प्रहलाद मीणा के यहा तकरीबन दो घंटे तक छापामार कार्यवाई की गई। इस दौरान टीम के उपनिरीक्षक त्रिलोक बडगडे, आरक्षक सुशांत सिंह रघुवंशी, कमल केथवास, राहुल यादव द्वारा की गई कार्रवाई में विदेशी शराब के साथ ही देशी शराब 25 लीटर बरामद की गई है। मौके से शराब बेचने वाला दिपेश फरार हो गया। जिस पर आबकारी विभाग ने धारा 34/1 की के तहत कार्यवाही की गई. महू के पिकनिक स्पॉट पातालपानी, जाम गेट, शीतला माता फॉल, तिछाफाल सहित तमाम पर्यटक स्थलों पर भी गुमटियों पर अवैध शराब बेची जा रही है. इन दिनों हरियालियों की वादियों को देखने के लिए युवाओं की टोलियां यहां पहुंचती है और यहां से शराब खरीद कर नशे में धूत होकर खतरनाक स्थान पर पहुंचकर हादसे का शिकार होते हैं. बावजूद इसके पुलिस प्रशासन इन स्थानों पर बेचने वाले शराब माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं करती है.



## भट्टे सरकार बालाजी मंदिर पर श्रीराम कथा आज से

महू. लालजी की बस्ती स्थित भट्टे सरकार बालाजी मंदिर प्रांगण में 10 से 19 जुलाई तक सार्वजनिक श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है. राम भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में युवाचार्य अभिषेक कृष्ण महाराज कथा वाचन करेंगे. कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. कथा आयोजन की शुरुआत 10 जुलाई को प्रात: 10 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी, जो काली माता मंदिर, सात रास्ता से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुँचेगी. समापन दिवस 19 जुलाई को हवन, पूर्ण आहुति एवं भंडारा (प्रसादी वितरण) के साथ किया जाएगा. आयोजकों ने नगरवासियों एवं राम भक्तों से इस धार्मिक आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है.



## मिलेनियम कॉलोनी में चल रहा था जुए का अड्डा

इंदौर. शहर में जुए के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गांधीनगर पुलिस ने मिलेनियम कॉलोनी में दबिश देकर कुछ जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा. मौके से नकदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं. गांधी नगर पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सूरज, राधेश्याम समेत अन्य लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा. आरोपी खुलेआम कॉलोनी में ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे. गांधीनगर पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस का कहना है कि इलाके में इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और आगे भी ऐसे अड्ढों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# राजस्थान से इंदौर में करता था ड्रग्स सप्लाय

- एमडी तस्कर नारकोटिक्स इंदौर विंग की गिरफ्त में
- दो साल से था फरार, नगद इनाम भी था घोषित




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नारकोटिक्स विंग की टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे इनामी तस्कर सोहेल उर्फ भूरा उर्फ नाजिम को राजस्थान के डग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है. आरोपी वर्ष 2023 से फरार था और उस पर नकद इनाम भी घोषित किया था.**

एडीजी केपी राव के निर्देशन में चलाए जा रहे माफिया-विरोधी विशेष अभियान के तहत पुलिस उप महानिरीक्षक महेश चंद्र जैन के मार्गदर्शन में नारकोटिक्स विंग की टीम को यह सफलता मिली. निरीक्षक हरीश सोलंकी के नेतृत्व में गठित टीम को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में वांछित तस्कर सोहेल अपने गांव में देखा गया है. सूचना के आधार पर टीम ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से ग्राम दुधालिया, थाना डग से उसे दबोच लिया. आरोपी राजस्थान से एमडी ड्रग्स स्मैक लाकर इंदौर और आसपास के इलाकों में सप्लाई करता था. नारकोटिक्स विंग ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है. डीएसपी संतोष सिंह हाडा ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी से मादक पदार्थ तस्करों के नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है.

## छोटी-छोटी बातों पर विवाद करने वाले पर प्रकरण दर्ज

इंदौर. स्कीम नंबर 103 में रहने वाली एक महिला ने ससुराल पक्ष पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है. महिला का कहना है कि शादी के कुछ महीनों बाद से ही उसके पति और सास-ससुर का व्यवहार बदल गया था. शिकायतकर्ता सुमन गौरा ने पुलिस को बताया कि उसका पति गितेश गौरा आए दिन छोटी-छोटी बातों पर विवाद करने लगा था. वह उसके साथ गाली-गलौज करता और मारपीट करता था. जब सुमन ने इसका विरोध किया, तो पति ने न केवल उसे पीटा बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी. सुमन ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति के साथ-साथ सास काजल और ससुर संजय भी उसे प्रताड़ित करते थे. पूरे मामले में पुलिस ने गितेश गैरा, उसकी मां काजल और पिता संजय के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है.


# धार रोड पर दूध वाहन पलटा, युवक की मौत, दो घायल

- काम पर जाने के लिए सड़क किनारे खड़े थे तीनों, तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. धार रोड पर ग्राम माचल के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए. हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ, जब एक दूध से भरा वाहन अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया और सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को चपेट में ले लिया, घटना में घालय अजय की मौत की खबर बुधवार को सुबह पता चली.**

हादसे में गंभीर रूप से घायल 35 वर्षीय अजय पिता तेजराम, निवासी राजपुरा को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. वहीं अन्य दो घायलों का इलाज निजी अस्पताल में जारी है. जिला अस्पताल सूत्रों के अनुसार मृतक और अन्य दोनों युवक रोज की तरह काम पर जाने के लिए बस पकड़ने सड़क किनारे खड़े थे. तभी तेज रफ्तार में आ रहा दूध वाहन का टायर फटा और वह असंतुलित होकर सीधे लोगों पर पलट गया. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई. सूचना पर पहुंची बेटमा थाना पुलिस ने राहत कार्य शुरू कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया. फिलहाल पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामला जांच में लिया है.



# रूपनगर में शराबियों का उपद्रव

### *मारपीट कर फैलाई दहशत, दो गिरफ्तार*

**इंदौर. गौरी नगर क्षेत्र स्थित रूपनगर में नशे में धुत बदमाशों ने बीती रात जमकर हंगामा किया और मारपीट कर इलाके में दहशत फैला दी. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक फरार है जिसकी तलाश जारी है.**

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिषेक उर्फ पडी पिता भारत सिंह चौहान निवासी श्याम नगर और विशाल पिता ओमप्रकाश माली निवासी रूपनगर के रूप में हुई है. तीसरा आरोपी समृद्ध यादव मौके से फरार हो गया. आरोपियों ने इलाके में रहने वाले देवेंद्र पिता मुन्नालाल सूर्यवंशी के साथ मारपीट की, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है. हीरानगर थाना प्रभारी पप्पू लाल शर्मा ने बताया कि उपद्रवियों की हरकतों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था. इससे दो दिन पहले भी रहवासियों ने शिकायत की थी कि रूपनगर के एक मकान में लगातार 15 से 20 युवक एकत्र होते हैं और नशाखोरी करते हैं. इससे स्थानीय महिलाओं और बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. साथ ही जिस मकान में संदिग्ध गतिविधियां हो रही थीं, उसकी जांच भी की जा रही है.

# हिन्दूवादी कार्यकर्ता को गर्दन काटने की धमकी

- सोशल मीडिया पर डाला धमकी भरा पोस्ट, भड़के हिंदू संगठन
- थाने में की शिकायत, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में मोहर्रम मेले और मंदिर में हुई महाआरती के बीच सोशल मीडिया पर आई एक धमकी भरी पोस्ट से माहौल गरमा गया. कथित रूप से इंस्टाग्राम पर किए गए एक कमेंट में हिन्दूवादी कार्यकर्ता सुमित हार्डिया को गर्दन काटने की धमकी दी गई, जिससे अक्रोशित हिन्दू संगठनों ने जूनी इंदौर थाने में पहुंचकर संबंधित युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

धोबीघाट-कर्बला मैदान पर तीन दिनों से मोहर्रम मेला चल रहा था. मंगलवार को मेले का आखिरी दिन था. इसी दौरान हनुमान मंदिर पर हिन्दू समाज की ओर से महाआरती का आयोजन किया गया था. इसके बाद इंस्टाग्राम पर सुफियान नामक युवक ने कुछ आपत्तिजनक पोस्ट और कमेंट किए, जिसे लेकर विवाद खड़ा हुआ. हिंदूवादियों का आरोप है कि सुफियान की पोस्ट में हिंसात्मक भाषा का प्रयोग किया गया, जिसमें सुमित हार्डिया को जान से मारने की धमकी दी गई थी. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यकर्ता थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज करने की मांग की.

### अकाउंट की कर रहे जांच

जूनी इंदौर पुलिस ने मामले में सुफियान के खिलाफ धमकी और आपत्तिजनक पोस्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फिलहाल पुलिस यह पता लगा रही है कि आरोपी युवक कहां का निवासी है और उसका सोशल मीडिया अकाउंट वास्तविक है या फर्जी. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# फर्जी नाम बताकर मंदिर में घुसा युवक

- मोबाइल से मिली अश्लील सामग्री; पुलिस ने लिया हिरासत में



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित मोती बाबा मंदिर में बुधवार को एक संदिग्ध युवक द्वारा युवतियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और फर्जी पहचान छिपाकर मंदिर में प्रवेश करने का मामला सामने आया है. मौके पर पहुंचे हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़ा और पूछताछ कर पुलिस के हवाले कर दिया.

युवक खुद को अनिकेत तोमर बताकर मंदिर में घूम रहा था और वहां मौजूद युवतियों से दोस्ती की कोशिश कर रहा था. संदेह होने पर मौके पर पहुंचे मंच के कार्यकर्ताओं मानसिंह राजावत और कुलदीप सिंह ने जब युवक से उसका आधार कार्ड मांगा, तो उसने इनकार कर दिया. संदेह गहराने पर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें एक आधार कार्ड मिला. कार्ड में उसका असली नाम मोहम्मद जीशान पिता करीम खान निवासी श्रीनगर काकड़ दर्ज था. युवक के मोबाइल की जांच करने पर उसमें कई युवतियों के अश्लील फोटो और वीडियो मिले. इसके अलावा कॉल सेंटर की युवतियों से की गई चैटिंग और उनके नंबर भी मोबाइल में पाए गए. पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि वह टास्कुस नामक कॉल सेंटर में काम करता है और वहीं की कई युवतियों से संपर्क में है. उसने यह भी बताया कि वह अक्सर मंदिर में आकर हिंदू लड़कियों से नज़दीकियां बढ़ाने की कोशिश करता था. घटना की सूचना मिलते ही परदेशीपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच की जा रही है और युवक से विस्तृत पूछताछ की जा रही है. पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# मारपीट के आरोपी धराए, भागने के प्रयास में युवक घायल

- बंगाली चौराहे पर बेल्ट से की थी युवक की पिटाई




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में एक युवक के साथ बेल्ट से मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों को तिलक नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पकड़े गए आरोपियों में एक युवक पुलिस को चकमा देकर भागने के दौरान दीवार से कूद पड़ा, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई है. उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया है.

बंगाली कॉलोनी में रहने वाले फरियादी अंकित शाह ने पुलिस को बताया कि 7 जुलाई की रात करीब 1 बजे जब वह बंगाली ब्रिज के नीचे से होकर घर लौट रहा था, तभी दो अज्ञात युवकों ने बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए बेल्ट से हमला कर दिया. फरियादी कि रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाप प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु की थी. सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने जल्द ही दोनों आरोपियों मुकुल बोरासी और यश उर्फ भोला पिता बाबूलाल 24 वर्ष, निवासी संविद नगर को चिन्हित कर दबोच लिया. गिरफ्तारी के दौरान यश उर्फ भोला भागने की कोशिश में बाउंड्री वॉल से कूद गया, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आ गई. पुलिस ने तत्काल उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया. दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की तैयारी की जा रही है.

# दो लोगों को एक ही ज़मीन बेचकर करोड़ों की ठगी की

### *क्राइम ब्रांच ने दर्ज किया केस, गिरफ्तारी की तैयारी*

इंदौर. करोड़ों की जमीन को दो अलग-अलग लोगों को बेचकर उनसे रकम वसूलने वाले एक शातिर के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज किया है. आरोपी ने एक ही कृषि भूमि का सौदा दो पक्षों से कर न सिर्फ लाखों की राशि हड़पी, बल्कि दस्तावेज भी किसी को स्पष्ट रूप से नहीं सौंपे. पुलिस अब आरोपी की गिरफ्तारी की तैयारी कर रही है.

यह कार्रवाई नरेंद्र सिसौदिया निवासी बड़ा बागड़दा और सोहनलाल की संयुक्त शिकायत पर की है, दोनों ने आरोप लगाया है कि सुमित नाहर पिता कैलाश नाहर, निवासी जावरा कंपाउंड ने एक ही जमीन का सौदा उनसे अलग-अलग समय पर किया और मोटी रकम वसूल ली. शिकायतकर्ता सोहनलाल ने क्राईम ब्रांच के अधिकारियों को यह भी बताया कि ग्राम चिमनखेड़ी देपालपुर स्थित उसकी कृषि भूमि उसने सुमित को 50 लाख रुपए प्रति बीघा के हिसाब से बेची थी. सौदे के एवज में सुमित ने पांच चेक दिए, जिनमें से दो क्लियर हुए, लेकिन बाकी तीन चेक बाउंस हो गए. इसके बाद कई बार भुगतान की मांग की गई, लेकिन सुमित टालता रहा. इसी दौरान सोहनलाल को पता चला कि वही जमीन सुमित ने नरेंद्र सिसौदिया को भी बेच दी है. नरेंद्र से बातचीत करने पर सामने आया कि उन्होंने भी सुमित को पूरी रकम चुका दी है, लेकिन अब तक जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई. शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की और तथ्यों की पुष्टि के बाद आरोपी सुमित नाहर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है और जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा.

**समस्या** | **मामला वार्ड 55 में कुटुंब न्यायालय के पीछे मुख्य मार्ग का**

# सीवरेज के लिए खोदी सड़क, दोबारा नहीं बनाई



**इंदौर. विकास को लेकर शहर में हर तरफ कार्य किया जा रहा है. कहीं सीवरेज लाइन तो कहीं सड़क पुनर्निर्माण तो कहीं चौड़ीकरण हो रहा है. लेकिन इन कार्यों में अस्सी प्रतिशत ऐसे कार्य हैं जो अधूरे पड़े हैं या फिर इन कार्यों के कारण आम जनता परेशानी उठा रही है.**

स्नेहलता गंज छावनी क्षेत्र में पड़ने वाला वार्ड क्रमांक 55 में मामला सामने आया है. वार्ड के उषागंज में कुटुंब न्यायालय के पीछे मुख्य मार्ग पर छः महीने पहले सीवरेज लाइन डालने का कार्य किया गया था लेकिन इस कार्य से दो समस्याएं बढ़ गई हैं. पहले तो यहां की जब सीवरेज लाइन डालने का कार्य किया जा रहा था तो बनी बनाई सड़क को उखाड़ दिया गया. फिर आज तक इस उबड़ खाबड़ सड़क को दोबारा नहीं बनाया गया, जिसके कारण राहगीरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. वहीं इस कार्य से दूसरी समस्या यह है कि सीवरेज लाइन का नया कार्य तो किया गया लेकिन इस नई लाइन के कारण क्षेत्र के घरों में नर्मदा नल कनेक्शन से गंदा पानी पहुंच रहा है जिसे बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया जा सकता. इन समस्याओं का निपटान करने के लिए कोई भी जिम्मेदार वहां पर नहीं पहुंचता, न ही इस कार्य को अभी तक दुरुस्त किया गया.

### इनका कहना है ...



जर्जर रोड होने और बरसात में कीचड़ होने के कारण कई वाहन चालक गिर रहे हैं. चोटें लग रही है. कुछ दिन पहले बनी बनाई सड़क ऐसी धंसी कि रिक्शा अंदर चले गई.

**- अमित महेश्वरी**



इतना कीचड़ हो जाता है कि ग्राहक इधर आना पसंद नहीं करते. इसके अलावा नई सीवरेज लाइनों के बाद घरों के नलों में सीवरेज का पानी मिक्स होकर आ रहा है.

**- भूपेंद्र जैन**



आसपास की गलियों में दिवाली से काम शुरू हो गया था. हर जगह कार्य चल रहा है लेकिन पूरा नहीं किया जाता. कार्य पूरा हो जाए तो लोगों की समस्याएं खत्म हो.

**- श्यामलाल श्रीवास**

### बारिश बाद सड़क कार्य



बारिश बाद सड़क का कार्य किया जाएगा. क्षेत्र में लोगों के घरों में नल कनेक्शन वर्षों पुराने हो चुके हैं, जो लीकेज हो चुके हैं. रहवासियो को लाइन बदलने के लिए कहा है.

**- पंखुड़ी जैन, पार्षद**